हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

04 चांदी के सुसज्जित रथ में बैठकर भगवान...



05 महादेव नर्सिंग कॉलेज मामला: पुलिस जांच में अज्ञात...






## भगवान महावीर के जयकारों के साथ सकल जैन समाज ने निकाला चल समारोह

# अहिंसा और करुणा के अवतार का उत्साह से मनाया जन्मकल्याणक

रजत पालकी में विराजित किया परमात्मा को मंदिरों में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन









हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो, कुंडलपुर में बाजी शहनाई, आज प्रभु वीर जन्मे जैसे धार्मिक भजनों के साथ जयकारे लगाते हुए नगर के सकल जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याण पर विशाल चल समारोह निकाला गया। स्थानीय श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा व अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों की प्रतिमूर्ती, मानवता का पथ आलोकित करने वाले जैन धर्म के चौंबीसवें तीर्थंकर ह्लभगवान महावीर स्वामी जीह्व का जन्मकल्याणक हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।जन्म कल्याणक दिवस पर नगर में रविवार प्रातः 10 बजे सामूहिक रूप से रथ यात्रा का चल समारोह निकाला गया। रथ यात्रा में रजत पालकी में श्री जी को विराजित किया गया था वही कलात्मक रथ को सजाकर भगवान महावीर के चित्र को रखा गया था जिसके समक्ष समाज जनों द्वारा गहूली की गई। भगवान की रथ यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन श्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे वहीं महिलाएं केसरिया एवं लाल साड़ी पहनकर शामिल थी। जैन समाज के विभिन्न महिला मंडलों की सदस्याएं भी अपने मंडल की ड्रेस कोड में विभिन्न प्रस्तुतियां देती हुई चल रही थी। चल समारोह में समाजजन हाथों में धर्म ध्वज लेकर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। लाभार्थी परिवार की महिलाएं सिर पर स्वर्ण एवं रजत कलश धारण करके चल रही थी। चल समारोह मार्ग पर समाज जनों को जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप तथा अन्य के द्वारा शरबत से स्वागत किया गया। प्रमुख मार्गो से चल समारोह नीमा कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। जहां स्नात्र पूजन पश्चात कलश भर कर लाए गये तथा मंदिर जी मे परमात्मा का अभिषेक किया गया।

### नगर में प्रभात फेरी निकाली गई




श्वेतांबर जैन समाज द्वारा रविवार प्रातः चंद्रा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी में परमात्मा का अभिषेक, पूजन, आरती की गई। प्रातः 6:30 बजे जिन मंदिर जी से श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं यूनिक ग्रुप द्वारा जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रातः 8:30 बजे मंदिरजी में पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम हुआ पूजन हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई। दिगंबर जैन समाज द्वारा भी जन्म कल्याण के अवसर पर चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं नीम कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में श्री जी का पूजन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समाजजनों द्वारा आयोजित किए गए। श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा समाज का साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया वहीं रात्रि 7:30 बजे जिन मंदिरजी में परमात्मा की आरती का कार्यक्रम हुआ।



## बगलामुखी के पंडाजी ने ली फोन पर जहर उतारने की गुरुदीक्षा

**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी मनोहरलाल पंडा द्वारा फोन पर मंत्र द्वारा जहर उतारने की गुरु दीक्षा ली गई। रविवार को मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी के तट पर मनोहरलाल पंडा द्वारा महामंडलेश्वर जगन्नानन्द जी महाराज इंदौर वालो से सांप,बिच्छू,मकड़ी,छिप कली काटे हुए को फोन पर मंत्र द्वारा जहर उतारने की गुरु दीक्षा ली गई। गुरु दीक्षा के उपरांत पंडाजी द्वारा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर महामंडलेश्वर का सम्मान किया गया।



## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला फिर अव्वल

**सीहोर।** सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में सीहोर जिला पिछले कई माहों से प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर आ रहा है। इस बार भी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला इस माह भी प्रदेश में नंबर-1 स्थान पर आया है। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सभी जिला अधिकारियों द्वारा विगत कई माह से सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है और हर माह प्रदेश की रैंकिंग में सीहोर जिले को टॉप पर बनाए हुए है। सीएम हेल्पलाइन की 19 अप्रैल को जारी रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह अप्रैल में सीएम हेल्पलाइन की कुल 5811 शिकायतों निराकरण का 77% वैटेज स्कोर के साथ निराकरण किया गया। जबकि उज्जैन दूसरे स्थान पर तथा विदिशा तीसरे स्थान पर रहा।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए लगातार अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वे प्रतिदिन नियमित रूप से सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करने के साथ ही अधिकारियों को हितग्राहियों से त्वरित संवाद स्थापित कर शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के लिए प्रेरित करते है।

इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ तथा अपर कलेक्टर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारियों को लगातार सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन लाने का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगो की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा भी बढ़ता है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के साथ ही हर टीएल बैठक में विभागवार, जनपदवार तथा तहसीलवार विस्तार से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा निराकरण में आने वाली कठिनाइयों का कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित समाधान किया जाता है। जिसके सार्थक परिणाम के रूप में सीहोर जिला विगत कई महीनों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ रहा है।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशान में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी भी गंभीरता से प्रयास करते है। शिकायतों से संबंधित अधिकारी लगातार संपर्क कर हितग्राहियों की समस्या को जानकर उसका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करते है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां, सर्व ब्राह्मण समाज ने घर-घर जाकर आमंत्रण अभियान किया शुरू

### 10 मई को निकाली जाएगी वाहन रैली और 12 मई को भव्य चल समारोह

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर 10 मई से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। शोभा यात्रा सहित अन्य कार्यक्रम को लेकर शनिवार से शहर के छावनी स्थित खजांची लाइन में ब्राह्मण समाज एकत्रित हुए और उसके पश्चात घर-घर आमंत्रण अभियान शुरू किया गया। इसके अलावा पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 10 मई को सुबह आठ बजे शहर के खजांची लाइन पर भगवान का अभिषेक और आरती की जाएगी और उसके पश्चात भव्य रूप से वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा शाम को महिला मंडल द्वारा कलश एवं पूजन थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात रात्रि आठ बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के द्वारा सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।



अध्यक्ष श्री शर्मा ने इसके लिए पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसमें धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मोन, महिल अध्यक्ष चल समारोह शोभा शर्मा, महामंत्री रमाकांत समाधिया, चल समारोह संयोज राजेन्द्र शर्मा कल्लू, प्रभारी प्रवीण तिवारी, युवा संगठन अध्यक्ष नयन जोशी, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, राकेश शर्मा, सह संयोजक राजेश मोहन शर्मा, नवीन मिश्रा, भोजन व्यवस्था प्रभारी चंद्रमोहन शर्मा, मुरली शर्मा, चल समारोह सह प्रभारी योगेश श्रोत्रिय, नवनीत उपाध्याय, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, प्रचार-प्रसार दीपक पुरोहित, सुनील शर्मा, सतीश भार्गव, नितिन उपाध्याय, महामंत्री युवा संगठन ऋषि पाराशर, पूजन व्यवस्था प्रभारी अशेक पाराशर आदि को नियुक्त किया गया है।

### 4 बाइक से सागौन की 9 नग सिल्ली पकड़ी


**सीहोर।** लाड़कुई वन क्षेत्र से रात के समय जंगलों से काटी गई सागौन की बाइकों से बेचा जा रहा है। जिसकी शिकायत पर गुरुवार शुक्रवार को दरमियानी रात को वन परिक्षेत्र अधिकारी लाड़कुई प्रकाशचंद्र उइके ने दल का गठन किया गया। दल ने बनियागांव से भैसान एवं ढाढिया से रिठवाड़ मार्ग पर गश्ती की। इसी दौरान रात्रि के लगभग 12 बजे से सुबह 4.30 बजे तक अलग-अलग स्थान से वाहन आता हुआ दिखाई दिया । गांव भैसान एवं ढाढिया के पास वन अमले के द्वारा घेराबंदी कर दो अलग-अलग स्थान से चार मोटरसाइकिल एवं 9 नग सागौन की सिल्ली जिसकी कीमत 18414 तथा बाइक जब्त की है।

## सांसद प्रत्याशियों के साथ कई जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

# पाटीदार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्रीय पाटीदार समाज के तत्वाधान में रविवार को तहसील के ग्राम हिरनखेड़ी में समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें शहनाई की गुंज व सात फेरो के साथ 60 जोड़े परिणय सूत्र में बँधे। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्टजनों तथा हजारो की संख्या में मौजुद समाजजनों ने नवदम्पतियों को आर्शीवाद दिया। तहसील के ग्राम हिरनखेड़ी में समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसे लेकर कई दिनो पूर्व से तैयारियां चल रही थी और समाजजन काफी उत्साहित थे। घरातियों और बरातियों से पूरा विवाह पांडाल भरा हुआ था। जहां पर वैदिक रीति से मंत्रोच्चार तथा विधि -विधान के साथ विवाह की सभी रस्में पूर्ण की गई एवं सात फेरो के साथ सात जन्मों तक साथ रहने के वचनों के साथ 60 जोड़े परिणय सूत्र में बॅधे और अपने नये दाम्पत्य जीवन का प्रारंभ किया। आयोजन समिति द्वारा इस अवसर पर सामूहिक भोज का कार्यक्रम भी रखा गया था।

### कई जनप्रतिनिधिगण रहे उपस्थित

सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के पदाधिकारीगण, सांसद प्रत्याशियों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह. सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, क्षेत्रीय विधायक भेरूसिंह परिहार बापू , पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार सहित कई जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजनों द्वारा नवयुगलों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। आयोजन समिति द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया।

## रीवा एक्सप्रेस निरस्त, जबलपुर सोमनाथ बदले रूट से जाएगी

**सीहोर।** कटनी-बीना खंड में तीसरी लाइन निर्माण के चलते गणेशगंज स्टेशन पर प्रस्तावित ब्लॉक के कारण अंचल से गुजरने वाले रीवा एक्सप्रेस और जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस निरस्त रहेंगी। इसके साथ ही कई अन्य ट्रेनें भी प्रभावित होंगी। रेलवे के अनुसार 30 अप्रैल को रीवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस और 1 मई को डॉ. अंबेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसी तरह 29 अप्रैल को सोमनाथ से चलने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन बदले हुए रूट से जाएगी। इसके साथ ही दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद मंडल में बोनाकालू-चिंताकानि-प दिल्लपल्ली स्टेशन एवं एरूपालेल-तोंडलगोपावर म-मधिरा स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन डालने के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित होगी। रेलवे के अनुसार 28 एवं 30 अप्रैल 5, 7 एवं 20 मई को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22645 इंदौर-कोच्चुवेली एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं 30 अप्रैल तथा 2, 7, 9 एवं 18 मई को कोच्चिवली से चलने वाली गाड़ी संख्या 22646 कोच्चुवेली-इंदौर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### विवाह सम्मेलन में मतदाता जागरूकता अभियान




ग्राम हिरणखेड़ी में क्षैत्रीय पाटीदार समाज का आदर्श विवाह समारोह 21 अप्रैल 2024 को आयोजित हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के स्लोगन वाले फ्लेक्स लगाए गए साथ ही एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें नव दंपतियों के द्वारा मतदान करने का संकल्प लेकर सभी को मतदान करने की प्रेरणा सेल्फी पॉइंट से दी गई। इस दौरान जनपद नलखेड़ा के सीईओ राधाकृष्ण वाकतरिया, सरपंच पवन पाटीदार, सचिव नाथूलाल जैन, सहायक सचिव प्रेमनारायण पाटीदार के द्वारा नव दंपति व समस्त बाराती - घराती को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई।





## खबर संक्षेप



### आईटी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**देवास।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में एडीआर भवन में आईसीजेएस पोर्टल, सीआईएस एवं ई-प्रिजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में आईटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अपर जिला न्यायाधीश अनु सिंह द्वारा आईसीजेएस पोर्टल, सीआईएस एवं ई प्रिजन पोर्टल के तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला जेल के ई प्रिजन पोर्टल से सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा ई मुलाकात के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी रोबिन दयाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के समस्त स्टाफ, पैनल एडवोकेट, पैरालीगल वालंटियर एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**देवास।** बीती रात हुए एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक विवाह समारोह में शामिल होने गया था वहा से लोटते समय कार अनियंत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार, राहुल यादव निवासी सोमेश्वर मंदिर के पास देवास बीती रात पटलावदा में विवाह समारोह में शामिल होने गया था। वहां से देवास आते समय विजयागंज मंडी के समीप कार बेकाबू हो गई।मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक उसके मामा के साथ कार से विजयागंज मंडी के समीप ग्राम पटलावदा शादी समारोह में गए थे। वहा से देर रात को लौटते समय कार बेकाबू होकर पलट गई जिसमे राहुल को गंभीर चोट आई थी। मामा को मामूली चोट आई थी। बीती रात हुए एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक विवाह समारोह में शामिल होने गया था लोटते समय कार अनियंत्रित हो गई। राहुल यादव निवासी सोमेश्वर मंदिर के पास देवास बीती रात पटलावदा में विवाह समारोह में शामिल होने गया था।

महावीर जयंती के आयोजन पर संपूर्ण नगर हुआ महावीरमय

# चांदी के सुसज्जित रथ में बैठकर भगवान महावीर स्वामी निकले नगर भ्रमण पर, अगवानी के लिए दौड़े श्रद्धालु

### शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु महिलाओं ने निकाली विशेष वाहन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती रविवार को देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते- नाचते चलते दिखाई दिए। चांदी के सुसज्जित रथ में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभा-यात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिए श्रद्धालु दौडे चले आए। शोभा यात्रा मार्ग में महावीर स्थानकवासी संघ ने प्रभु महावीर के जीवन चरित्र पर नयनाभिराम जीवंत झांकी की सराहनीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शोभायात्रा का मार्ग में अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया।

विशेष आकर्षण के रूप में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जैन समाज की ओर से अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। मतदान करने का आव्हान संदेश देते हुए समाज की महिलाएं मातृशक्ति एवं बालिकाएं अपने दो पहिया वाहनों पर विशेष परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारों से लिखी तख्तियां लेकर चल रही थी। जैन समाज के इस प्रयास के सभी ने खूब प्रशंसा की।

विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सूत्रधार भरत चौधरी ने बताया कि इस विशाल आयोजन में समिति के अध्यक्ष विजय जैन, महासचिव शैलेन्द्र चौधरी सचिव संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन कायथावाला, मुकेश चौधरी , विशाल जैन , नितिन जैन मानव,पारस जैन, रिंकेश जैन, पंकज चौधरी, पारस जैन इटावा, निलेश जैन, विकास जैन ने सहयोग प्रदान किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरक नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई । नगर के सभी जैन मंदिरों में अनेक विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जैन धर्मावलंबियों ने अपने निवास स्थान पर केशरिया एवं जैन ध्वज फहराए तथा दीपक जलाए। साथ ही सभी जैन मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

मुख्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा प्रात 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष तथा बच्चें शामिल थे। नवयुवक एवं नवयुवतियों ने विशेष परिधान धारण किए हुए थे। विशाल जनसमुदाय को समाहित किए हुए यह शोभायात्रा अनेक आकर्षणों से सुसज्जित थी। सबसे आगे अश्वारोही दल केशरिया ध्वज थामें चल रहा था। महावीर स्वामी के जीवन चरित्र की नयनाभिराम झांकी ने सभी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। नवयुवकों में अपूर्व उत्साह था, जो देखते ही बनता था। बालिकाएं आकर्षक डांडिया रास प्रस्तुत कर रही थी। महिलाओं की विशाल संख्या मस्तक पर 108 कलश लेकर कतारबद्ध चल रही थी । इसके बाद चांदी के सुसज्जित रथ में प्रभु







महावीर स्वामी विराजमान थे। भगवान की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थी। सम्पूर्ण वातावरण भगवान महावीर की जय-जयकार एवं भगवान महावीर का अमर संदेश जियो और जीने दो के नारों से गुंजायमान हो रहा था। महिलाओं का विशाल समुह मंगल गीत गाते हुए चल रहा था। समाज के सभी भजन गायको ने सम्मिलित रूप से प्रभु के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति चलित वाहन के माध्यम से दी। प्रभु के भक्ति पूर्ण गीतों ने नगर वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शोभायात्रा वर्धमान जैन स्थानक, श्री आदेश्वर मंदिर ,श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर मंदिर, श्री चन्दाप्रभु मंदिर एम.जी. रोड़, श्री चन्दाप्रभु माणिभद्र मंदिर, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुई। श्रमण संस्कृति सदन में श्री जी का अभिषेक हुआ। रात्रि को सभी जैन मंदिरों में महाआरती एवं भक्ति भावना के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आवास नगर एवं श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अलकापुरी से भी भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा समाप्ति के पश्चात हामूखेड़ी एवं इटावा कुष्ठधाम , अंधशाला एवं वृद्ध आश्रम पर भोजन वितरित कर अन्न दान किया ।

मंडी धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य आयोजित किया गया। स्वामी वात्सल्य, नवकारशी एवं अन्नदान में समदडिया परिवार ने विशेष लाभ प्राप्त किया। साथ में नगीन भाई मीनाक्षी बहन सोलंकी,नरेश जावंतराव भण्डारी, अरविंद इंद्रजीतसिंह चौधरी , दिलीप पुखराज दोषी एवं डॉ. प्रमोद मनीषा बापना ने भी लाभ लिया। संचालन भरत चौधरी ने किया। अतिथियों का स्वागत अजय संघवी एवं राकेश तरवेचा ने किया। आभार पूर्व अध्यक्ष दीपक जैन आगरवाला ने माना।

समारोह में मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्री राजे पवार, सांसद प्रत्याशी महेन्द्रसिंह सोलंकी, राजेन्द्र मालवीय, संघ जिला प्रचारक राहुल भौमिक, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, मनोज राजानी, रेखा वर्मा, शरद पाचुनकर, रायसिंह सेंधव, बहादुर मुकाती, मनीष सेन, ओम जोशी, शशिकांत यादव, मिलिंद सोलंकी, विमल शर्मा, सचिन जोशी, रामेश्वर जलोदिया, संजय दायमा, अशोक कहार, सुधीर शर्मा, संतोष मोदी, प्रेस क्लब अध्यक्ष अतुल बागलीकर आदि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शोभायात्रा का मार्ग में नगर सुरक्षा समिति, सामाजिक समरसता मंच, माँ चामुण्डा सेवा समिति, भाजपा नगर मंडल,नगर कांग्रेस कमेटी,पार्श्वनाथ नवयुवक मण्डल, विजय जैन मित्र मंडल, शंखेश्वर पार्श्वनाथ ट्रस्ट मंडल, महावीर मण्डल, संस्था गौरवमयी, गौतम ग्रुप, माणिभद्रवीर



मण्डल, जैन युथ फेडरेशन, भारत विकास परिषद, गोल्डन क्लब, किराना व्यापारी एसोसिएशन, इकरा पब्लिक स्कूल, प्रेस क्लब, शिव शक्ति सेवा मण्डल, जैन सोश्यल ग्रुप, दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप, दिगम्बर जैन महिला मण्डल, अग्रवाल समाज, कल्पवृक्ष गुरप जैन स्थानक, मनकामनेश्वर सेवा समिति, अखिल भारती ब्राह्मण महासंघ, माहेश्वरी समाज, सिन्ध हिन्दू पंचायत, सिक्ख समाज गुरूसिंघ सभा,आदेश्वर नवयुवक मंडल, मिलन ग्रुप, सतपथ गुरप, सार्थक ग्रुप, भारत तिब्बत समन्वय संघ, जिला केमिस्ट एसोसिएशन, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, स्वर्णकार समाज, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन,खाटू श्याम सेवा समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पुस्तक एवं स्टेशनरी एसोसिएशन, वर्धमान स्थानकवासी संघ, चन्दाप्रभुजी नवयुवक मंडल, देवास प्रापर्टी ब्रोकर एसोएशिन, संस्था कृपालु, संस्था समर्थ सारथी, आदि अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया। महावीर जयंती उत्सव समिति के संरक्षक अशोक जैन मामा एवं विलास चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, प्रेस जगत एवं सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक संस्थाओं तथा श्रद्धालु जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महावीर जयंती पर निकली प्रभात फेरी

**चापडा।** नगर में जैन समाज द्वारा रविवार को महावीर जयंती उत्साह के साथ मनाई । इस दौरान बागली रोड पर स्थित जैन मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ की गई , जो की चापड़ा के मुख्य मार्गो से होते पुनः जैन मंदिर पहुंची, जहां पर प्रभात फेरी का समापन किया गया। प्रभात फेरी में समाजजन भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी का जगह जगह स्वागत किया गया। इसके पश्चात जैन मंदिर पर भगवान महावीर की पूजा अर्चना करने के बाद बागली रोड पर स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार संतोष कुमार जैन एवं स्वतंत्र कुमार जैन की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान भंडारा आयोजित करने वाले संतोष कुमार जैन ,स्वतंत्र कुमार जैन ने बताया कि भगवान महावीर का संदेश है, कि जियो और जीने दो के उद्देश्य का पालन करते रहो। सर्व समाज के बीच भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। अन्नदान महादान माना जाता है, इसलिए विगत 3 वर्षों से ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर दोनों परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा है। इस भंडारे की विशेषता यह है कि इस में दाल बाफला लड्डु बनाए जाते हैं। भंडारे में ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।





## चंद्रवंशी बागरी समाज ने मंत्री प्रतिमा बागरी का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


चंद्रवंशी बागरी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा प्रदेश मंत्री प्रतिमा बागरी का भव्य स्वागत किया गया। चंद्रवंशी युवा बागरी संघ प्रदेश अध्यक्ष बाबु यादव भाजपा पार्षद बताया कि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का भोपाल से धार जाते समय समय भोपाल बायपास पर प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया का समाज जनों ने पुष्पमाला एवं शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर इस अवसर पर मंत्री श्री बागरी ने कहा कि समाज को संगठित होना, एवं बच्चों को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। देवास धार्मिक नगरी यहां दो देवियों का वास है। इस अवसर पर विशेष रूप बाबू यादव भाजपा पार्षद, ब्रज यादव नाना भैया कमल किशोर परमार, सज्जन सिंह चौहान, ईश्वर सिंह चौहान , अरुण डोलिया, अजय पवार, शुभम यादव ,जितेन पवार, कमल चौहान ,कमल परमार, शिवम यादव,संजू बोडाना, अखिलेश चौहान आदि समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## हनुमान जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय अनुष्ठान यज्ञ हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चावड़ा

नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय अनुष्ठान यज्ञ प्रारंभ हुआ।जानकारी के अनुसार रविवार के दिन से अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। इस दौरान तीन दिनों तक यज्ञ भी किया जाएगा। पंडित दीपक त्रिवेदी ने बताया कि प्रतिदिन यज्ञ में यजमानों द्वारा आहुति दी जाएगी । 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हनुमान जी का महाभिषेक किया जाएगा। पुर्णाहुति के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। कार्यक्रम के दौरान नगर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भव्य भंडारे के साथ हनुमान जयन्ति मनाई जाएगी। रविवार को मंदिर परिसर में पंडित व्दारा यजमानों का शुद्धिकरण कराया गया।



कथा के छठवें दिन भरत और राम के चरित्र वृतांत का हुआ वर्णन

# राम ने पिता का वचन और भरत ने पिता की इच्छा को निभाया: साध्वी सत्यप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिसके हृदय की गति राम चरण को प्राप्त करने की हो जाती हो उसे संसार से विरक्ती हो जाती है। सुकृत का फल सुनिश्चित प्राप्त होता है उसी तरह भरत चरित्र का वर्णन जिसने सुन लिया उसे प्रभु श्रीराम के दर्शन का फल प्राप्त हो जाता है। भरत जीव है तो राम आत्मा है। भरत की भक्ति अनुभव की जाती है, उसे शब्द की सीमा में नहीं बांधा जा सकता है। तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में भरत जी के चरित्र का वर्णन जिस प्रकार किया है उसे व्यासपीठ से कहने में भी कई दिन लग सकते हैं। राम चरित मानस एक ऐसा महान ग्रंथ है जिसके होने की अनुभूति ही अध्यात्म की ओर अग्रसर करती है। जिसके घर में राम चरित मानस नहीं है समझो वो हिंदू का घर नहीं है। यह आध्यात्मिक विचार कैलादेवी मंदिर में हो रही श्रीराम कथा के छटे दिवस पर प्रभु राम के वन गमन और भरत राम के मिलन का सुंदर चित्रण करते हुए साध्वी सत्यप्रिया दीदी ने कहे। आपने कहा कि मेघ बरसते हैं किंतु पहाड़ उसके जल को एकत्रित नहीं कर सकते। जल एकत्रित करने के लिए आपको पात्र बनना पड़ेगा, सीधा बनना पड़ेगा। जल एकत्रित करने की क्षमता रखने वाला ही संसार की प्यास बुझा सकता है। उसी तरह से भक्ति की पात्रता रखने वाला संसार को प्रभु के दर्शन करा सकता है। अधिक ज्ञानी को ज्ञान का अहंकार होता है। इसी कारण वो अध्यात्म को ग्रहण नहीं कर पाता। क्योंकि ज्ञान बाहरी तत्व है और अध्यात्म ईश्वरीय गूढ़ तत्व है। राम के वन गमन का मार्मिक एवं हृदय विदारक वर्णन करते हुए आपने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। राम का निषाद राज से मिलन, केवट द्वारा गंगा पार कराने वाले वर्णन को कहते हुए आपने कहा कि जब प्रभु राम ने केवट से गंगा पार कराने का कहा तो केवट ने कहा कि प्रभु आप तो बाद में आए हो आपकी महिमा पहले चली आई है। इसलिए मैं बिना चरण पखारे आपको अपनी नाव से गंगा पार नहीं करा सकता। उतराई के लिए प्रभु राम ने भेंट देना चाही तो केवट ने कहा प्रभु मैंने आपको गंगा पार कराई है आप मेरे पित्रों को भव सागर से पार करा दो। वन में भारद्वाज ऋषि से मिलकर प्रभु ने मार्ग पूछा, वाल्मिक जी से कल्याण कैसे किया जाए यह सलाह ली, और अगस्त ऋषि से दुष्टों का नाश करने का उपाय पूछा। आपने कथा प्रसंगों के दौरान बताया कि 14 वर्ष तक अवध वासियों ने तप किया। यही कारण रहा कि 14 वर्ष तक अवध में न किसी ने जन्म लिया न ही किसी की मृत्यु हुई। आपने कहा कि प्रभु राम ने पिता के वचन निभाए, मगर भरत ने पिता की इच्छा को निभाया। प्रभु विमुख होने वाले को त्याग देना चाहिए, चाहे वो सगा ही क्यों न हो। राम चरित मानस के दृष्टांतों के साथ सांसारिक जीवन और घरों में कैसे संसार के साथ हम इस भौतिकवाद में अध्यात्म को आत्मसाद कर जीवन को संवार सकें। इस विषय पर साध्वी सत्यप्रिया जी ने अनेक सूत्र देकर कहा कि कथा का श्रवण करें और किसी भय के कारण या लोभ को लेकर प्रभु के प्रति आस्था न रखें। प्रभु प्रेम और भाव के भूखे हैं। कथा आरती में संघ के विभाग संचालक अजय गुप्ता, कपिल पंवार, सुरेश जायसवाल, इंदौर से अजय अग्रवाल, ओ.पी. पंचाल, अस्तित्व सोनी, अमित पांचाल, वृंदावन से सीता दीदी एवं महापौर गीता अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, प्राचार्य देवेन्द्र बंसल, हुकमचंद अग्रवाल, ओ.पी. तापड़िया, योगेश बंसल, डॉ. महेन्द्रसिंह चौहान सोनगरा, महेश गर्ग, राजेश पटेल, समाज सेवी चंद्रभान नानवानी, अजबसिंह ठाकुर, अखिलेश दवंडे, दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय सहसंयोजिका पिंकी पंवार, शशि कला ठाकुर, पार्षद अकीला ठाकुर आदि उपस्थित थे। व्यासपीठ की पूजा दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग, प्राची गर्ग, हितेष गर्ग आदि ने की। संचालन चेतन उपाध्याय ने किया।



## श्री राम दरबार और राधा कृष्ण मूर्ति के लिए किए आभूषण भेंट

**चापडा।** नगर चापड़ा में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में 17 अप्रैल को श्री राम दरबार एवं श्रीराधा कृष्ण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इसी के दौरान शुक्रवार के दिन चापडा नगर के केदारनाथ उपाध्याय की पत्नी निर्मला उपाध्याय की ओर से श्री राम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण मूर्ति के लिए आभूषण भेंट किए गए।


संजय उपाध्याय ने बताया कि सवा किलो चांदी से आभूषण बनाए गए हैं, जिसमें 6 मुकुट, बांसुरी चुड़ियो सहित कुल 26 आभूषण है। शुक्रवार के दिन मंदिर समिति के सदस्य एवं मंदिर पुजारी की उपस्थिति में सभी आभूषण भेंट किए गए। इस दौरान उपाध्याय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समिती सदस्य धर्मेंद्र सिंह सेंधव, दयाराम यादव, गंगाराम पाटीदार, दिनेश पाटीदार, किशोर यादव, विजय कुमार त्रिवेदी,गणेश सेंधव, मंदिर पुजारी मदनलाल वैष्णव, राजेशदास वैष्णव ,कमलदास वैष्णव,पवन वैष्णव, अरूण वैष्णव, दीनदयाल वैष्णव, विकास त्रिवेदी, रवि पाटीदार सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी




**सीहोर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यतक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस ने गत दिवस बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है या निवासी इसका लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केन्द्र पर जा सकते हैं। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण (POI) और पते के प्रमाण (POA) दस्तावेजों को अद्यतन करने की अनुमति देती है। आधार सेंटर पर जाकर डॉक्यूमेंट अपडेट करने पर 50 रूपये शुल्क देना होगा। यह सुविधा 30 जून तक myAadhaar portal पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### अभी जांच जारी है, अगर इसमें ओर भी नाम सामने आते हैं तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा

# महादेव नर्सिंग कॉलेज मामला: पुलिस जांच में अज्ञात आरोपी हुए ज्ञात, आठ आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज

बीएमओ आष्टा की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों को ज्ञात करने की ओर जांच शुरू की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

करीब तीन चार माह पूर्व आष्टा नगर में संचालित महादेव नर्सिंग कॉलेज में एक नही कई तरह के फर्जीवाड़े का विद्यार्थियों ने भांडा फोड़ा था। अपने कारनामो का पर्दा फास होने के बाद इस महादेव नर्सिंग कालेज के पीड़ति छात्रों के अनुसार कॉलेज संचालकों ने उनकी 4 साल से परीक्षा नही कराने, मोटी फीस बसूलने,ओरिजनल दस्तावेज अपने कब्जे में रखने,ट्रेनिग एवं ड्रेस के नाम पर बड़ी राशि बसूलने के मुद्दों को लेकर विद्यार्थियों ने सड़को पर उतर कर छात्रों के संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,एनएसयूआई के बैनर तले तहसील,थाना,कलेक्ट्री तक आंदोलन कर ज्ञापन सौपे। छात्रों की पीड़ा को आष्टा प्रेस ने दमदारी से सरकार और प्रशासन तक पहुचाया। उसका बड़ा असर ये हुआ की कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह ने इस मामले को संज्ञान में लिया और एक जांच दल गठित किया। जांच दल आष्टा आया,पीड़ितों के बयान लिये,कालेज कहा चलता है पहुचे,अस्पताल कहा है देखने गये लेकिन सब कुछ कागजो में ही मिला। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर सीहोर ने उक्त महादेव नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के स्वास्थ विभाग को निर्देश दिये। बीएमओ आष्टा की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों को ज्ञात करने की ओर जांच शुरू की। आष्टा थाने के एसआई श्री कोशलेंद्रसिंह ने आज बताया की जांच के दौरान जिन जिन बिंदुओं के तहत जांच की उसके आधार पर आरोपियों के नाम का खुलासा होता गया। अभी तक इस मामले में आठ आरोपियों के नामो का खुलासा हो गया है। महादेव नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ दर्ज मामले में जिन आठ आरोपियों के नामो का खुलासा हुआ उनके नाम अजय कुमार श्रृंगी पिता ओमप्रकाश श्रृंगी निवासी गुवाड़ी उन्हेल जिला झालावाड़ राजस्थान,अभिषेक तिवारी पिता रवि प्रसाद तिवारी निवासी क्लीटर बस्ती के पास दमोह,सतीश कुमार



पिल्लई पिता के.एस पिल्लई वृंदावन नगर अयोध्या बायपास रोड भोपाल,हर्षवर्धन श्रृंगी पिता ओमप्रकाश श्रृंगी निवासी गुवाड़ी उन्हेंल झालावाड़ राजस्थान,डॉक्टर हरीश शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा विद्यानगर होशंगाबाद रोड भोपाल,डॉक्टर हरि सिंह मकवाने हमीदिया अस्पताल भोपाल,नेहा सोनी हमीदिया अस्पताल भोपाल है।

**अभी जांच जारी है,अगर इसमें ओर भी नाम सामने आते है तो उनेह भी आरोपी बनाया जायेगा :** लगातार छात्रों के आंदोलन,मांगो को कवरेज करने पर नासमझ संचालक ने पत्रकारो के कैमरे ओर कलम को दबाने के लिये झूठी शिकायतों का अभियान भी चला था,पर सफल नही हुआ था। महादेव नर्सिंग कॉलेज के फर्जीवाड़े,मोटी फीस वसूली, छात्र-छात्राओं के ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स अपने कब्जे में रखने, कागजों में महादेव नर्सिंग कॉलेज चलने, बताया अस्पताल कहीं भी नहीं मिलने, ट्रेनिंग एवं ड्रेस के नाम बड़ी राशि वसूल करने के आंदोलन को प्रेस के जिन जिम्मेदार चर्चित पत्रकारों ने जब लगातार छात्रों की आवाज को बुलंद किया तब इस नासमझ महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक ने उनके कैमरे और कलम को झूठी शिकायते सोशल मीडिया पर डाल कर दबाने के भरसक प्रयास किये,उन पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की भी कोशिश की लेकिन जैसे ही सोशल मीडिया पर जिम्मेदार प्रेस के साथियों ने पलट वार किया वैसे ही घबराये इस नासमझ संचालक ने प्रेस पर लगाये आरोप की पोस्ट जो डाली थी दूसरे दिन ही इस नासमझ संचालक में सोशल मीडिया से उक्त पोस्ट को डिलीट किया तथा उसके बाद इसकी बोलती भी बंद हो चुकी थी।

### ये था पूरा मामला....

आष्टा नगर के सुभाष नगर में एक स्कूल के कुछ कमरों को किराये पर लेकर इसे महादेव नर्सिंग कालेज के रूप में शुरू कर विद्यार्थियों के प्रवेश कराये,कुछ माह बाद स्कूल संचालक ने उक्त भंवन खाली करा लिया उसके बाद मात्र कागजो पर चलने वाले महादेव नर्सिंग कालेज के पीड़ति ओर परेशान विद्यार्थी जब परेशान हो गये तब इस नर्सिंग कालेज के खिलाफ विद्यार्थी अपनी मोटी ली गई फीस वापस करने,4 साल से परीक्षा ना कराने, ड्रेस ट्रेनिग के नाम पर पैसे बसूलने उसके बाद भी ना ड्रेस दी और ना ट्रेनिंग कराई जैसी शिकायतों को लेकर न्याय की मांग के साथ सड़को पर उतरे। इनकी पीड़ा में एनएसयूआई,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पूरा साथ दिया। सड़को पर आंदोलन हुआ,धरना दिया,तहसील थाने में प्रदर्शन किया। तब इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह ने एक 4 सदस्यो का जांच दल गठित किया। जांच दल आया बारीकी से जांच की,पीड़ितों के बयान लिये तथा निष्कर्ष में बड़ी ढोल की पोल पाई। जांच रिपोर्ट कलेक्टर सीहोर को सौपी गई। कलेक्टर ने रिपोर्ट का अध्ययन किया जांच के तथ्य देखने के बाद इस मामले के नोडल अधिकारी को महादेव नर्सिंग कालेज के संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। वही विद्यार्थी की मांग थी कि जो फीस लाखो की जमा की है वो गरीब छात्रों को वापस दिलाई जाए,जो कीमती चार साल इस कॉलेज ने उनके बर्बाद किये उसका मुआवजा दिलाया जाये, कब्जे में रखे सभी के सभी ओरिजनल डाकयोमेन्ट वापस दिलाये,ड्रेस,ट्रेंनिग के नाम पर जो राशि वसूली थी वो भी वापस हो। स्मरण रहे नगर में फर्जी तरीके से संचालित महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक के खिलाफ छात्र छात्राए तीन माह से न्याय के लिये आंदोलन कर रहे थे। शिकायतकर्ता छात्रों को ऑडियो के माध्यम से संचालक तरह तरह की धमकियां तक दे कर उन्हें कही भी ठोकने तक कि धमकी देता था। वही विद्यायर्थी यो के साथ छात्र संगठन एनएसयूआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने भी जमकर आंदोलन करते हुऐ महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक हर्ष वर्धन पर एफआईआर की मांग करते हुऐ ज्ञापन सौपे थे । जांच टीम को प्राथमिक जांच में महादेव नर्सिंग कॉलेज का भवन और अस्पताल कहीं भी संचालित होता हुआ नही मिला था तभी जांच समिति समझ चुकी थी की ये कोई छोटा नही बड़ा फ्राड है। वहीं कई बिंदुओं पर जांच टीम ने छात्र छात्राओं के बयान और संचालक से कॉलेज के महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए थे । ऐसे में अब जांच टीम के निष्कर्ष पर महादेव नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधन पर सिहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने एफआईआर दर्ज करने के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। इन धाराओं में हुआ है मामला दर्ज जांच अधिकारी कोशलेंद्रसिंह ने बताया की नोडल अधिकारी बीएमओ डॉ जीडी सोनी,सिविल अस्पताल आष्टा की रिपोर्ट पर महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालकों के खिलाफ धारा 420,419,218,409,467,468,471,120बी भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था ।

# श्रद्धा व आस्था: खेड़ापति मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



चेतन स्थल रुद्र अवतार हनुमान के रूप में खेड़ापति हनुमान मंदिर नगर में स्थित है श्रद्धा वह आस्था का केंद्र इस मंदिर में 11 फीट ऊंची खडगासन मूर्ति है। जिले की सबसे बड़ी ऐतिहासिक व पुरातात्विक की दृष्टि से आदित्य मूर्ति है यहां पर हनुमान जयंती को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है यह मूर्ति खुदाई के समय मिली थी। हनुमान जी के दर्शन करने यहां पर काफी दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं मंदिर को हनुमान जयंती के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है मंदिर समिति के प्रमुख तेजसिंह ठाकुर ने बताया कि हनुमान जयंती 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी इस दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। शाम को

भजन संध्या होगी: मंदिर समिति शाम को भजन संध्या का भी आयोजन करेगी हनुमान जयंती को लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में सुबह हवन पूजन का भी कार्यक्रम होगा वही हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने बताया कि 23 अप्रैल को सुबह हनुमान जी को चोला चढ़ाया जाएगा। इसके बाद सुबह 10:00 से श्री राम मंदिर स्थित हनुमान जी को आरती व प्रसादी वितरण के बाद बेंड बाजो के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचेगी यहां पर महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण होगा।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना होगा और उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। श्री राजन ने बताया कि सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे और रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये सभी व्यय भी व्यय लेखे में जोड़े जाएंगे।

# श्री नेमिनाथ मंदिर में स्वस्ति बहू मंडल ने गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया

**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के पावन सानिध्य में रविवार 21 अप्रैल को सुबह 7 बजे किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर दोपहर 2 से 5 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शनिवार को प्रभातफेरी पुलक - महिला जागृति मंच द्वारा निकाली गई। शुक्रवार की रात को स्वस्ति बहू मंडल द्वारा श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर में माता त्रिशला की गौद भराई एवं चौबीसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की काफी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर भगवान के भजन गाते हुए भक्ति की तथा गौद भराई कार्यक्रम किया। सभी को प्रभावना वितरित की।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर रविवार 21 अप्रैल को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पालकी पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो किला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस किला मंदिर पर पहुंचेगी। वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के



आशीष वचन होंगे। वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महा महोत्सव परम्परा अनुसार परम पूज्य श्रमण श्री भूतबलि सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री मौन सागर जी महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी।

दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत दिनांक 20 अप्रैल शनिवार सायंकाल 7.30 बजे से माता की गोद भराई कार्यक्रम पुलक जन चेतना मंच महिला जागृति मंच प्रथम द्वारा आयोजित किया गया। वहीं सुबह प्रभातफेरी निकाली गईं ।21 अप्रैल रविवार प्रातः 6 बजे नित्य शांतिधारा अभिषेक किया जाएगा। दसलक्षण महामण्डल विधान पूजन होगी।रविवार को प्रातः 7.30 बजे श्री जी की शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मानस भवन पहुंचेगी, वहां पर पूजा अर्चना कर वापिस प्रातः प्रातः 9 बजे किला मंदिर पहुँचेगी ।

वहां पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन होंगे।बालक वर्धमान की पालना झुलाई श्री मृदुमन महिला मंडल द्वारा आयोजित की गई है।प्रातः 9.45 बजे मुनि संघ की आहार चर्या होगी।जन्म कल्याणक महोत्सव पर प्रभावना वितरण पुण्यार्जक डॉ राजेन्द्र कुमार ,नयन,अंकित जैन वर्धमान परिवार रहेंगे।श्री जी की शोभायात्रा में पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर भक्ति भाव उल्लास के साथ सहभागिता कर पुण्य अर्जन करेंगे।

# तीसरे चरण के अंतिम दिन विदिशा और भोपाल में 47 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 19 अभ्यर्थियों द्वारा 23 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 28 अभ्यर्थियों द्वारा 41 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

### चौथे चरण के दूसरे दिन 21- देवास से 01 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन-पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक- 21 देवास (अजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

### शासकीय अवकाश, बैंक अवकाश के दिनों में कृषि उपजों व लहसन, प्याज की नीलामी बंद रहेगी

**सीहोर।** अप्रैल माह के दौरान शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने के कारण कृषि उपज मण्डी सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सहायक संचालक एवं सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ने बताया कि अप्रैल माह में विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सचिव ने जानकारी देते हुये बताया कि 21 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 27 को चौथा शानिवार और 28 को रविवार साप्ताहिक अवकाश होने के कारण कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। समस्त किसान भाई कृषि मण्डी में अवकाश के दौरान अनाज की नीलामी एवं लहसुन-प्याज की नीलामी का अवकाश होने से अपनी कृषि उपज,दिवस लहसुन- प्याज आदि विक्रय के लिए नहीं लावें और अपने आसपास के किसान भाईयों को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

### प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मॉनिटरिंग करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशों के अनुसार सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जायेगी। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। अभी तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा अखबार में प्रकाशित कराए जाने वाले समाचार, विज्ञापन और अलग-अलग चैनल पर दिखाए जाने वाले विजुअल पर ही नजर रखी जाती थी। बदलते समय के साथ अब इस बार के लोकसभा निर्वाचन में सोशल मीडिया की पोस्ट को भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। चुनाव के खर्चे में सोशल मीडिया का खर्च भी जोड़ा जाएगा।

### शिविर में महिला सशक्तिकरण के बारे में दी जानकारी

# मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 20 अप्रैल 2024 को प्रधानमंत्री कौशल विकास सेंटर, आष्टा में मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा की अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश शिप्रा पटेल के द्वारा किया गया। जिसमें श्रीमती पटेल ने बताया कि मध्यस्थता की सरल प्रक्रियात्मक प्रकृति विवादित पक्षों को आसानी से सहमत समाधान पर आने के लिए प्रोत्साहित करती है। मध्यस्थता कार्यवाही मुख्य रूप से मध्यस्थता नियमों का काम करती है जिन्हें प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है। वे पारंपरिक अदालती लड़ाइयों में आवश्यक प्रक्रियात्मक कानूनों की तरह जटिल नहीं हैं जहां काननूी विवाद वर्षो तक चलता जाता है। अधिक लचीले और कम औपचारिक मध्यस्थता नियम पक्षों के बीच एक त्वरित विवाद समाधान सुनिश्चित करते हैं, एवं उमेश पटेल द्वितीय जिला न्यायाधीश, आष्टा द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में बताते हुए कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना




उनके पूरे भविष्य को तय करता है। यदि अपने निर्णय स्वयं ले सकती है तो सही मायने में हम पूरी तरह से आजाद हैं। अनेक मसलों पर निर्णय निर्भरता की वजह से प्रभावित होता है। आज ये परिस्थितियां बदली है। महिलायें घरों से बाहर निकली है पढ़ कर सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। शिविर का संचालन श्री मुकेश राठौर द्वारा किया गया। उक्त शिविर में राजाराम मालवीय, संचालक प्रधानमंत्री कौशल विकास सेंटर, आष्टा, पैरालीगल वालंटियर पदम सिंह, अन्य स्टॉफ एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मुंगावली में शिक्षकों की सराहनीय पहल: घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

1 अप्रैल से स्कूल का सत्र 2024-25 चालू हो गया है, लेकिन स्कूल में बच्चों की संख्या काफी कम है। इसके लिए स्कूल शिक्षकों ने पहल शुरू की है। वे घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि उन्हें सही शिक्षा प्राप्त हो सके।

प्राचार्य आर.डी.सोलंकी ने बताया कि हम सभी स्कूल शिक्षक और शिक्षिकाएं मिलकर बच्चों के अभिभावक से मिल रहे हैं।

उन्हें बताया जा रहा है कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और उन्हें शिक्षित बनाएं, ताकि वह विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी दे सकें। बच्चों से मिलकर भी अनुरोध कर रहे हैं कि वह स्कूल आए और अपना सत्र चालू करें।




मुंगावली के आसपास के गांवों में हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं है, इसीलिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आसपास के गांव जैसे रायपुरा, सेमरादांगी, डोबरा, मुहाली, हसनपुरा आदि गांवों मे भी जाकर बच्चों से मिल रहे हैं और उन्हें स्कूल आने का अनुरोध कर रहे हैं। स्कूल में जाने पर पता चला कि स्कूल में बच्चों की संख्या तो काफी कम है।

### बैतूल में शनिवार रात्रि 1 बजे के लगभग हुआ हादसा, पहले ट्रक ने मारी टक्कर

# छिंदवाडा चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों की बस पलटी, 21 घायल





राजगढ़ एसपी, कलेक्टर ने फोन कर जाना घायलों का हाल-चाल, ली अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शनिवार तड़के बैतूल जिले की सीमा में एक बड़ा हादसा हो गया। छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के लिए जिले से गए पुलिसबल एवं होमगार्डस सैनिकों से भरी एक बस ट्रक से टकराकर अनियंत्रित होते हुए भोपाल-बैतूल हाईवे पर पलट गई। हादसे में 21 पुलिसकर्मी एवं जवान घायल हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गनीमत से बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं रक्षित केंद्र निरीक्षक रविकांत शुक्ला ने बैतूल के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते हुए घायल पुलिसकर्मियों की अपडेट ली। इसके साथ ही इन पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी परिस्थितनुसार अवगत कराया गया। उधर, शनिवार सुबह कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जानते हुए कुछ से बातचीत की।

### बस में सवार थे 46 पुलिसकर्मी, 21 हुए घायल

जानकारी के अनुसार शनिवार 20 अप्रेल को रात्रि करीब 1 बजे बस क्रमांक एमपी-13 पी-2233 छिंदवाड़ा से राजगढ़ आ रही थी। बस में कुल 41 पुलिसकर्मी बैठे हुए थे। इस दौरान बैतूल-भोपाल हाईवे पर बाचा गांव की पुलिस के नजदीक नर्मदापुरम तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी-07 एचबी-7413 के चालक ने लापरवाही से बस में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलटी मार गई।

हादसे में घायल हुए पुलिसकर्मियों में चालक असलम पिता मानखा पिंजारा निवासी भोजपुर, सैनिक राहुल सौलंकी, सैनिक रमेषचंद्र, सैनिक मुकेष यादव, सैनिक मोहनलाल, सैनिक पर्वत सिंह, सैनिक सुरेष शर्मा, सैनिक रामबाबू, सैनिक हरिप्रसाद, सैनिक इंदरपाल सिंह, सैनिक भगवान सिंह, नारायण, सैनिक नरेंद्र सिंह, सैनिक माधव, सैनिक सज्जन सिंह, नायक भंवर सिंह, सैनिक तंवरसिंह, सैनिक अमरसिंह घायल हुए हैं। इनका ईलाज शाहपुरा अस्पताल में करवाया गया।

### गंभीर घायलों को भेजा बैतूल जिला अस्पताल

इसके साथ ही हवालदार अनुदेषक रघुवंषी, सैनिक बलवंत सिंह, सैनिक जोगिंदर सिंह, सैनिक धनसिंह वर्मा, सैनिक अमरसिंह, सैनिक कैलाष जायवाल, नायक भागीरथ जाटव, सैनिक प्रसारथ अली, सैनिक सरदार सिंह को गंभीर हालत में बैतूल जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिले के आरआई रविकांत शुक्ला ने बताया कि गनीमत से बड़ी जनहानि नहीं हुई है। आरक्षकों, सैनिकों व अन्य पुलिसकर्मियों को चोंट आई हैं वहीं कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ पुलिसकर्मियों के परिजनों के भी बैतूल रवाना होने का समाचार है।

# आवारा कुत्ते के काटने से पांच साल की मासूम हुई लहुलुहान

### कुत्ते ने सिर, पैरों का मांस कई जगहों पर नोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन इन कुत्तों काटने से नन्हें बच्चों के साथ ही बड़े भी घायल हो रहे हैं।

शनिवार सुबह फिर से हुई इसी तरह की एक घटना में प्रतापगंज पंचायत के लक्ष्मणपुरा गांव निवासी एक 5 साल की नन्हीं बच्ची को कुत्ते ने कई जगहों पर काटकर लहुलुहान कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल मौसम पुत्री रामचरण तंवर को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे रेबीज का इन्जेक्षन सहित जरूरी उपचार दिया गया। घायल बच्ची के चाचा महेष तंवर ने बताया कि बालिका घर के बाहर खेल रही थी, उसी दौरान कुत्ते ने उस पर हमला करते हुए कई जगहों पर काटकर मांस नोच खाया।

### राजगढ़ शहर में भी कुत्तों से सब हलाकान

आवारा कुत्तों के आतंक से राजगढ़ शहर भी अछूता नहीं है। इन कुत्तों से खुजनेर रोड के बाषिंदे बहुत ज्यादा परेषान और भयभीत हैं। रात्रि के समय तो अकेला व्यक्ति पैदल तक नहीं निकल सकता। इसके साथ ही मेन मार्केट में भी इन आवारा कुत्तों के कारण रहवासी दहषतजदा हैं।

## सामाजिक कार्यक्रमों में मतदान के प्रति किया जागरूक




**कुरावर।** नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला राजगढ़ के निर्देशानुसार स्विफ्ट कार्यक्रम के अंतर्गत आज सामाजिक समरसता रैली में आमजन को सत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया एवं स्वीप प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा नैतिक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ ग्रहण कराई गई प्रमुख रूप से श्री रामबाबू मीणा राजेंद्र सिंह बना राजू मीना नंदकिशोर जायसवाल नंदकिशोर जायसवाल नगर परिषद कुरावर कर्मचारी कैलाश पवार दौलत सिंह मीणा मनोज शर्मा गोपाल सक्सेना अरुण चंद्रवंशी महेश वर्मा उपस्थित रहे।

### सफाई के दौरान मिले बुजुर्ग के रुपए लौटाए

## नपा कर्मचारी दीपक इंदौरे ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**सुठालिया।** बीते कुछ दिन पहले नपा परिषद के एक कमरे की सफाई दीपक इंदौ रे द्वारा की गई जिसमें कुछ पेटी पड़ी हुई थी जिनको उठाकर कर्मचारियों द्वारा छत पर रखते समय हाथ से पेटी गिर गई तो उसमें से कुछ पैसे बाहर निकल आए जब कर्मचारियों द्वारा पेटी को खोला तो उसमें से चालीस हजार 570 रुपए निकले सफाई कर्मी द्वारा इसकी पूछताछ उसने नपा परिषद में की तो पता चला की परिषद में ही मदन माली नाम के बुजुर्ग व्यक्ति कई दिनों से रह रहा है उसने बताया यह रुपए मेरे हैं जो मैंने कई दिनों से इकट्ठा करके रखे हुए थे इसके बाद कर्मचारिनपा कर्मचारी दीपक इंदौरे ने पेश की ईमानदारी की मिसाल सफाई के दौरान मिले बुजुर्ग के रुपए लौटाए।

### *वन विभाग के अमले ने अवैध रूप से जा रहे लकड़ी के ट्रैक्टर को धर दबोचा*



*खिलचीपुर। वन संरक्षण के लिए वन विभाग लगातार वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलाने वालों तथा अवैध रूप से हो रहे लकड़ी के परिवहन को रोकने के लिये कार्यवाही करती ही रहती है, ऐसी ही एक कार्यवाही अवैध रूप से ले जा रहे लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को खिलचीपुर वन विभाग टीम ने पकड़ा, ओर वाहन को कार्यालय में खड़ा करा कर ट्रैक्टर मालिक पर प्रकरण दर्ज किया गया, वन विभाग की टीम में वनरक्षक सहायक ओम प्रकाश दांगी,हेमराज कुशवाह , उमेश वर्मा उपस्थित रहे ,उक्त सूचना वन विभाग सहायक ओम प्रकाश दांगी द्वारा दी गई।*

## सुंदर लय और ताल के साथ होगा सामूहिक सुंदरकांड

### हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां

**ब्यावरा।** श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर मंगलवार 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुहिक सुंदरकाण्ड के रूप में एक अद्भुत आयोजन होगा. इस दिन सुंदर लय व ताल के साथ बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के अद्वितीय 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन होगा।

अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु अपना पंजीयन कराने प्रतिदिन मंदिर धाम पर पहुंच रहे है। कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार द्वारा नगर की सभी सुंदरकाण्ड मंडलियों सहित आम श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। सामुहिक सुंदरकाण्ड का पाठ एक सुंदर लय व ताल के साथ मध्यम संगीत की धुन के बीच शांत माहौल में किया जाए। यह दृश्य अद्भुत होगा जब एक साथ सैकड़ों लोग माइक से अधिक अपने स्वर से सुंदर चैपाईयों का गान कर मंदिर धाम परिसर को गुंजायमान कर सभी में आनंदित भाव पैदा करेंगे. नगर में दूसरी बार हो रहे इस अद्भुत व अद्वितीय आयोजन को लेकर आम लोगो में अपार उत्साह है।

#### सफेद कुर्ता-पायजामा पीली साड़ी होगी वेशभूषा

गत वर्षानुसार इस वर्ष भी यह तय किया है कि पुरूष वर्ग सफेद कुर्ता-पायजामा, धोती पहनकर आयेंगे। समितियों के अलावा भी सभी लोगो से इसी गणवेश में आने की अपेक्षा की गई है. जबकि महिलाओं से पीले वस्त्रों के साथ आने की अपेक्षा की गई है।

#### सामूहिक पाठ के लिए अनिवार्य रूप से कराना होगा पंजीयन

सामुहिक सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने आम श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा मंदिर धाम पर प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन करने की व्यवस्था की गई है। सुंदरकाण्ड का आयोजन मंगलवार 23 अप्रैल को होगा। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा पंजीकृत श्रद्धालुओं के लिय अलग से बैठक, आरती, प्रसादी आदि की व्यवस्था की जायेगी। जैसे ही यह संख्या पूरी हो जायेगी पंजीयन बंद कर दिया जायेगा। यद्यपि इससे अधिक संख्या बढने पर भी कोई भी सामुहिक पाठ में शामिल हो सकेगा लेकिन निर्धारित बैठक व्यवस्था में शामिल नहीं हो पायेगा।

## पचोर-खुजनेर मार्ग पर ट्रक व बाइक की भिड़ंत

### एक महिला कि मौत, पिता और पुत्री गंभीर घायल, चालक गिरफ्तार



**खुजनेर।** पचोर खुजनेर स्टेट हाइवे पर शुक्रवार रात 11.30 बजे हुई ट्रक और बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक पर सवार एक महिला की मौत जबकि बाइक चालक पिता और पुत्री गंभीर घायल हो गए। पचोर पुलिस ने घायलों को पचोर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से रेफर किया गया है। वहीं ट्रक जब्त कर लिया गया।

शुक्रवार रात 11बजकर 30 बजे अपने रिश्तेदार के यहां सेमली धाकड़ गांव मे शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस बांसखेड़ा जा रहे पिता पुत्री और महिला को खुजनेर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 20-ळठ-4117 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। जिसमें महिला चंद्रकला नागर (40) कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बेटी राधिका नागर (22) और पिता रमेशचंद्र नागर (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। रमेश चंद्र का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि राधिका के पैरों की उंगलियां टूट गई। वहीं घटना रायपुरिया जोड़ के समीप की है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पचोर थाना प्रभारी आकांशा शर्मा की टीम ने घायलों को तुरंत पचोर अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत रेफर किया गया है। जबकि ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### राजगढ़ में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ 27 अप्रैल से

**राजगढ़।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में राजगढ़ में आगामी 27 अप्रेल से 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। 30 अप्रेल तक चलने वाले इस वृहद आयोजन के लिए समिति द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां करते हुए प्रज्ञा भवन में यज्ञ पांडाल बनवाते हुए अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गायत्री परिवार के राजू भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों का पुंसवन संस्कार, नामकरण, अन्नप्राषन, मुंडन, यज्ञापवीत, दीक्षा संस्कार निःषुल्क करवाया जाएगा।

## हिंदू युवा वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने निकाला राम जन्म उत्सव चल समारोह

जगह-जगह भगवान श्री राम की पूजा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



रामनवमी जन्म उत्सव के तहत मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्म उत्सव चल समारोह आज कुरावर नगर में निकाला गया। चल समारोह सब्जी मार्केट तलेन रोड पर भगवान श्री रामचंद्र जी का रथ सजाकर उनकी प्रतिमा रथ पर सवार कर प्रतिमा की पूजा माल्यार्पण कर चल समारोह को मार्केट में निकला गया।

मार्केट में जगह-जगह भगवान श्री राम की पूजा की गई और कार्यकर्ताओं का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ जलपान के साथ कराया गया चल समारोह का समापन मीणा नगर कॉलोनी में भगवान की प्रतिमा की महा आरती कर और महाप्रसादी वितरण कर समापन किया गया इस अवसर पर इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू मीणा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उमठ जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू जिला संयोजक हेमंत मीणा मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह मीणा अजय सिंह गोविंद सेन जितेंद्र शर्मा मैकेनिक एवं नगर के लोग उपस्थित रहे सभी का आभार राजू मीणा ने किया।

### आए दिन लगते जाम से लोग हो रहे परेशान, जिम्मेदार बने बेखबर

# शादी सीजन के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़, बीच बाजार में खड़े हो रहे दोपहिया वाहन, आवागमन हो रहा बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शादी सीजन के चलते बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ी हुई है। वहीं बाजार में बेतरतीब खड़े किए जा रहे दो पहिया वाहन लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं। क्योंकि शहर का बाजार पहले से ही अव्यवस्थित होने के साथ काफी संकरा है। दोपहिया वाहनों की बाजार में आवक बढ़ने से दुकानदार भी परेशान बने हुए हैं। इन सबके बावजूद प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

#### शादी ब्याह के कारण उमड़ रही भीड़

सीजन में की जाने वाली खरीदारी के चलते शहर में आमजन की आवाजाही बढ़ गई है। आमजन के साथ वाहनों का भार भी नगर पालिका के मुख्य बाजार में देखने को मिल रहा है। भेरू दरवाजा बाजार पहले से ही अव्यवस्थित होने के साथ काफी संकरा है। जगह-जगह अस्थाई अतिक्रमण के अलावा 8 से 10 फीट की सड़क होने से भी यहां पहुंचने वाले लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में यहां दो पहिया वाहनों के खड़े हो जाने से आवागमन बाधित होता है, जिससे शहरवासी के साथ खरीददारी के लिए आए लोग भी परेशान हो रहे है।

#### पैदल चलना भी हुआ दुश्वार, नपा नहीं उठा रही ठोस कदम

बाजारों में दोपहिया वाहन से चलना तो छोड़िए यहां पैदल चलना भी लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। हाल यह है कि, यहां खरीददारी के लिए पहुंचने वाले ग्रामीणों के साथ शहरवासी भी भीड़-भाड़ के कारण परेशान है। भीड़ बढ़ने के साथ दोपहिया वाहनों की बाजार में आवक दुकानदारों को भी परेशान किए हुए है। इन सबके बावजूद न तो प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है ओर न हीं नगर पालिका द्वारा इस दिशा में कोई कदम उठाए जा रहे है।

#### यहां वहां खड़े होते है दो पहिया वाहन

जोशी दवाखाना अटेंशन चैराहा भेरू दरवाजा के मुख्य बाजार की चैडाई पहले ही कम है, उधर बड़ी संख्या में बीच बाजार में ही लोगों द्वारा खड़ी की जाने वाली बाइकों के कारण स्थिति और भी खराब हो जाती है। शहर में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही हो रही है, जिससे बाजार में इन दिनों मेला सा दृश्य नजर आ रहा है, लेकिन यहां वहां खड़े दो पहिया वाहन परेशानी की वजह बने हुए हैं।

#### अतिक्रमण बना परेशानी का कारण

नगर में अस्थाई अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। इस समस्या के निराकरण के लिए न प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही नगर पालिका इस दिशा में कोई ठोस कदम उठा रही है। ऐसी स्थिति में शादी सीजन में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। बाजारों में हो रहा अस्थाई अतिक्रमण भी समस्या का मुख्य कारण बना हुआ है।

#### नहीं है ट्रैफिक व्यवस्था का इंतजाम

अभी तक जिम्मेदारों ने बढ़ती समस्या को रोकने कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है। न ही यहां पार्किंग व्यवस्था बनाई है और न ही इसके संचालन के लिए जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में लोगों द्वारा भी यहां वहां अपने वाहनों को खड़ा कर दिया जाता जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर के बाजारों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासी खासे परेशान है।

#### पुलिस का लेंगे सहयोग

जल्द नपा द्वारा पुलिस के सहयोग से भेरू दरवाजा रोड़ पर दुकानदार के रखे समान की जप्ति कर चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दो पहिया वाहन की पार्किंग के लिए स्थान का चयन किया जाएगा।

**लालसिंह डोडिया,** नपा सीएमओ सारंगपुर।

### जिला शिक्षाधिकारी ने दिए संकेत

## भीषण गर्मी के चलते सोमवार से स्कूलों के समय में होगा परिवर्तन



**राजगढ़।** जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है वहीं दिन के साथ-साथ रात्रि में भी लू की लपटें चल रही हैं। गर्मी के कारण लोगों ने दोपहर में घरों से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। नवीन शैक्षणिक सत्र भी चल रहा है जिसके तहत 30 अप्रेल तक सभी स्कूल लगेंगे।

लेकिन, इस भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसको देखते हुए षिक्षा विभाग कल 22 अप्रेल से जिले की सभी शासकीय एवं अषासकीय शालाओं(प्राथमिक एवं माध्यमिक) का समय परिवर्तित करने जा रहा है। गर्मी के चलते दोपहर 12 या 1 के बाद कक्षा आठवीं तक का कोई भी स्कूल संचालित न करवाने का निर्णय अधिकारीगणों ने लिया है। जिला षिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंषी ने बताया कि समय में परिवर्तन किया जा रहा है जिसके आदेष जल्द जारी किए जाएंगे।

#### 41 डिग्री से ज्यादा चल रहा है तापमान

इन दिनों जिले का अधिकतम तापमान भी 41 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और भी ज्यादा बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिहाज से स्कूलों के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग अनेकों अभिभावकों द्वारा की जा रही थी।